C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:06 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:44 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 219 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 22 फरवरी 2024

लाखों में सिमटी फाइटर की ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित लोगों की तत्परता से मदद करें: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश व ओलावृष्टि से प्रभावित हुए लोगों की तत्काल मदद करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, फसलों को हुए नुकसान को लेकर उन्होंने रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी बारिश और ओलावृष्टि के दृष्टिगत संबंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नज़र रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। उन्होंने आपदा से हुई जनहानि से प्रभावित परिवारों को अनुमन्य राहत राशि अविलंब प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल अनुमन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जाए।

### जागेश्वर धाम में कोलकाता के श्रद्धालु की मौत

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर धाम में दर्शन करने पहुंचे कोलकाता के एक श्रद्धालु की मौत हो गई। श्रद्धालु मंदिर गेट के पास गश खाकर गिर पड़ा। आननफानन में उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनुवानौला ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रथम दृष्ट्या हृदय गति रुकना मौत की वजह मानी जा रही है। कोलकाता से पांच सदस्यीय दल बुधवार को विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में दर्शन करने पहुंचा। दोपहर में मंदिर के गेट के पास पहुंचने पर दल में शामिल कुमार दास (52) अचानक गश खाकर गिर गए। काना गांव के प्रधान महेंद्र लाल और वन कर्मी पूजा ने उन्हें पनुवानौला स्थित पीएचसी पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के डॉ. अलमाज ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत का कारण हृदय गति रुकना हो सकता है।

## गंगोत्री हाइवे तीन दिन से बंद, चीन सीमा से कटा जिला मुख्यालय का संपर्क

देहरादून
हमारे संवाददाता

बर्फबारी के कारण बंद गंगोत्री हाईवे तीन दिन बाद भी नहीं खुल सका है। आज भी बीआरओ की टीम धराली तक गंगोत्री हाईवे पर सड़क खोलने में जुटी है। वहीं, पाले के कारण आवाजाही में अभी भी खतरा बना हुआ है।

हाईवे बंद होने से उपला टकनौर के सात गांव सहित गंगोत्री और अंतराष्ट्रीय सीमा का संपर्क जिला मुख्यालय से कटा है। हालांकि सुक्की टॉप तक आवाजाही शुरू होने से स्थानीय लोगों को थोड़ा राहत मिली है।





बता दें कि बीते सोमवार देर रात हुई बर्फबारी के कारण गंगोत्री हाईवे सुक्की से गंगोत्री तक करीब सुबह 6 बजे बंद हो गया था। उसके बाद से बॉर्डर रोड ऑर्गनाईजेशन की मशीनरी लगातार हाईवे को सुचारू करने का प्रयास कर रही है। वहीं, रात में बर्फबारी के कारण हाईवे पर फिर बर्फ जमा हो जा रही है। जिससे हाईवे को खोलने में बीआरओ की मशीनरी और मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार सुबह गंगोत्री यमुनोत्री धाम सहित हर्षिल घाटी में मौसम खुलने के बाद बीआरओ की टीम ने सुक्की के पहले मोड़ से सुक्की टॉप तक करीब पांच किमी सड़क पर बर्फ हटाकर आवाजाही के लिए सुचारू किया। सुक्की टॉप से आगे अभी भी बर्फ हटाना मुसीबत बना हुआ है। क्योंकि बुधवार देर शाम को एक बार फिर हर्षिल घाटी में बर्फबारी शुरू हो गई है। जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार हाईवे को सुचारू करने के लिए बीआरओ की टीम कार्य कर रही है। हर्षिल घाटी में अभी बिजली पानी की आपूर्ति सुचारू चल रही है।

भाकियू चढ़ूनी गुट के आह्वान का दिखा असर

## किसानों ने पानीपत-रोहतक नेशनल हाईवे पर लगाया जाम

नई दिल्ली
एजेंसी

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग को लेकर आठ दिनों से शंभू और खनौरी-दातासिंह वाला बॉर्डर डटे किसानों का दिल्ली कूच फिलहाल टल गया है। आज भाकियू चढ़ूनी गुट हरियाणा में दो घंटे दोपहर 12 से दो बजे तक सड़कें जाम कर विरोध प्रदर्शन करेगा।

कैथल में भाकियू चढ़ूनी गुट के सदस्यों ने रोष स्वरूप हिसार-चंडीगढ़ हाईवे पर स्थित तितरम मोड़ पर जाम लगा दिया। इस जाम के दौरान वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दें कि भाकियू चढ़ूनी गुट ने युवा किसान की मौत के बाद रोष स्वरुप प्रदेशभर में 12 से दो बजे तक जाम लगाने का आह्वान किया था। इसके तहत जाम लगाया। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान महाबीर चहल नरड़ ने की। किसानों ने इस मार्ग पर अपनी गाडियां व ट्रैक्टर को बीच रास्ते में खड़ा किया और रास्ता रोका। किसान आंदोलन के



चलते भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी रुप के आह्वान पर किसानों ने बेरी के भागलपुरी चौक पर जाम लगा दिया। भारतीय किसान यूनियन की जिला अध्यक्ष ममता कादयान के नेतृत्व में जाम लगाया गया। जाम लगने की सूचना मिलने के बाद बेरी थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रूट डायवर्ट करने का काम किया। पंजाब के किसानों के समर्थन में यमुनानगर में सहारनपुर-पंचकुला नेशनल हाईवे 344 पर भारतीय किसान यूनियन ने जाम लगाया है। जाम हाईवे के कैल गांव के पास जाट चौक पर जाम लगाया है। यही से रास्ता जगाधरी में एंट्री करता है। जाम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप के आह्वान पर सोनीपत के गोहाना में किसानों ने सड़क को जाम कर दिया। किसान आंदोलन के समर्थन में सोनीपत से गुजरने वाले पानीपत-रोहतक नेशनल हाईवे पर गांव मुडलाना में जाम लगाया गया है। किसान आंदोलन के दौरान खनौरी बॉर्डर पर युवा किसान की मौत के बाद जाम की घोषणा की गई थी। इस दौरान किसान नेता सत्यवान नरवाल ने कहा कि हमारे शांतिपूर्ण तरीके से चल रहे मार्च को हरियाणा सरकार ने उबाल देने का काम किया।

## हल्द्वानी से हेली सेवा शुरू, पहली उड़ान मुनस्यारी भरी गयी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

गौलापार स्थित हेलीपैड से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू कर दी गई है। गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने वर्चुअल माध्यम से इस सेवा का शुभारंभ किया। हेरिटेज एविएशन की ओर से रोजाना पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चंपावत के लिए हैली सेवा उपलब्ध होगी। इसका किराया क्रमशः 3000, 3500 व 2800 रुपए प्रति व्यक्ति तय किया गया है। इस दौरान पहली सेवा मुनस्यारी के लिए शुरु हुई। इस उड़ान सेवा में यात्री भरत सिंह, गीतेश समेत छह लोग शामिल



हैं। शुभारंभ के मौके पर विधायक मोहन बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, पूर्व बीडीसी मेंबर अर्जुन बिष्ट, एसडीएम परितोष वर्मा समेत एविएशन कंपनी के अधिकारी व लोग मौजूद थे।



## देहरादून से अयोध्या रवाना हुए रामभक्त, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दिखाई हरी झंडी

देहरादून
हमारे संवाददाता

देहरादून से आज अयोध्या के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना हुई। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में दूनवासी अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन करेंगे। ट्रेन में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 1074 लोग अयोध्या के लिए रवाना हुए। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और टिहरी सांसद माला राजलक्ष्मी शाह ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राम मंदिर के दर्शन को लेकर दूनवासियों में खासा उत्साह दिखा। ट्रेन 23 फरवरी की सुबह 2:55 बजे



अयोध्या कैंट पहुंचेगी। इसके बाद स्टेशन से बसों के माध्यम से राम जन्मभूमि पहुंचेंगे। यहां रामलला के दर्शन के बाद अन्य मंदिरों का भ्रमण कराया जाएगा। अयोध्या दर्शन के बाद 24 फरवरी की रात 12:40 बजे ट्रेन अयोध्या कैंट से दून के लिए रवाना होगी और दोपहर में 2:40 बजे दून पहुंचेगी।

## हल्द्वानी हिंसा: सलमान खान को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया

हल्द्वानी
कार्यालय संवाददाता

हल्द्वानी हिंसा मामले में इंस्टाग्राम पर भड़काऊ वीडियो डालकर एक्शन-रिएक्शन लिखने वाले हैदराबाद के सलमान खान को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

सलमान खान कितनी रकम लेकर हल्द्वानी पहुंचा था, इसका भी पुलिस पता लगा रहा है। बनभूलपुरा क्षेत्र में पैसे बांटने और इंस्टाग्राम पर भड़काऊ वीडियो डालकर एक्शन-रिएक्शन लिखने वाले हैदराबाद के सलमान खान को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। पुलिस जांच कर रही है कि वह कितनी रकम लेकर हल्द्वानी पहुंचा था। उसके पास यह पैसा कहां से आया। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि बांटी गई नकदी के स्रोत और सलमान के सोशल मीडिया एकाउंट पर डाले वीडियो की जांच कराई जा रही है। हैदराबाद का सलमान



खान हैदराबाद यूथ करेज (साहस) के नाम से इंस्टाग्राम पर एकाउंट चलाता है। वह हैदराबाद यूथ करेज नाम से एनजीओ भी संचालित करता है।

आठ फरवरी को बनभूलपुरा में जब उपद्रव हुआ। उसके बाद सलमान खान बनभूलपुरा वालों के लिए फंड एकत्र कर रहा है। उसने अपने इंस्टाग्राम में कई वीडियो डाले हैं, जिनमें वह मारे गए लोगों को शहीद कहता है। यहां वीडियो और फोटो शेयर किए गए हैं। इसमें मलिक के बगीचे में मदरसा तोड़ते हुए जेसीबी दिख रही है। साथ ही बगल में जली हुई जेसीबी दिख रही हैं। इस पर एक्शन-रिएक्शन लिखा है। इसके अलावा भी कई वीडियो शेयर किए गए हैं जिसमें वह पैसों से भरे बैग से बनभूलपुरा क्षेत्र में लोगों को पैसे बांटता दिख रहा है। पुलिस ने सलमान खान से पूछताछ शुरू कर दी है।

### इंस्टाग्राम पर डाल रहा था भड़काऊ वीडियो, पुलिस कर रही जांच

सलमान ने अपने इंस्टाग्राम पर जो वीडियो व फोटो डालीं हैं, वे उसके अकाउंट में 11 फरवरी को अपलोड हुई हैं। पुलिस जांच कर रही है कि आखिर किसने सलमान को वीडियो फोटो उपलब्ध कराई। कुछ पत्रकार भी पुलिस के रडार पर हैं। पुलिस को शक है कि कहीं ये वीडियो तथाकथित पत्रकारों ने तो उपलब्ध नहीं कराई। सीडीआर की भी होगी जांच पुलिस की नजर सलमान के फोन की कॉल डिटेल पर भी है। पुलिस कई लोगों की सीडीआर निकाल रही है। साथ ही फोटो और वीडियो का स्रोत भी ढूंढ रही है। पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। इंस्टाग्राम पर जो वीडियो अपलोड की है, उसमें वह एयरलाइन से हैदराबाद आने की बात कह रहा है।

# नकल विहिन परीक्षा कराना हम सबकी जिम्मेदारी: डीएम

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता



**बैठक**

- डीएम ने दिए संबंधित अधिकारियों को बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन एवं पारदर्शी व नकल विहिन परीक्षा कराने के निर्देश

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद वर्ष 2024 की आगामी 27 फरवरी से होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन एवं पारदर्शी व नकल विहिन परीक्षा कराना हम सब की जिम्मेदारी होगी। इसलिये सभी गम्भीरता से लेते हुये कार्यो व दायित्वों का सम्पादन करना सुनिश्चित करेंगें।

यह निर्देश डीएम उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में दिए। डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि चेकिंग मुख्य गेट पर ही हो,ताकि किसी भी प्रकार का अनुचित साधन परीक्षा कक्ष तक पहुँच ही न सकें। हमारा उद्देश्य नकल को रोकना है, परीक्षार्थियों को डराना नही। सभी परीक्षा केन्द्रो में पेयजल व विद्युत व्यवस्था सुचारू हो एवं संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों विशेष नजर रखी जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रश्नपत्र खोलने से पहले भलिभाँति जाँच कर ले। ताकि निर्धारित तिथि का प्रश्नपत्र ही परीक्षा कक्ष में खोला जा सकें। परीक्षा कक्ष में मोबाईल फोन या कोई अन्य इलैक्ट्रॉनिक उपकरण लाना पूर्णतः वर्जित होगा, इसमें किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाये। यदि लापरवाही प्रकाश में आती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रश्न पत्रों को सुरक्षित डबल लॉक में रखना सुनिश्चित करेगें निर्देश दिये कि परीक्षा केन्द्रों की 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डीएस राजपूत ने बताया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओ में जनपद के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के कुल 37127 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होगें। हाईस्कूल परीक्षा में 9920 बालक संस्थागत, 10778 बालिका संस्थागत, 270 बालक व्यक्तिगत, 214 बालिका व्यक्तिगत कुल 21182 बालक/बालिका हाई स्कूल परीक्षा में प्रतिभाग करेगें। इंटरमीडिएट परीक्षा में 7265 बालक संस्थागत, 7931 बालिका संस्थागत, 395 बालक व्यक्तिगत,354 बालिका व्यक्तिगत कुल15945 परीक्षा में प्रतिभाग करेगें। जिले में 100 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसमें 92 मिश्रित परीक्षा केन्द्र व 8 एकल परीक्षा केन्द्र है। 12 परीक्षा केन्द्र संवेदनशील है। सबसे बड़ा परीक्षा केन्द्र जनता इंटर कालेज रूद्रपुर है जिसमें 1046 परीक्षार्थी परीक्षा देगें। जबकि छोटा परीक्षा केन्द्र राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महेशपुरा बाजपुर है। इसमें 79 परीक्षार्थी परीक्षा देगें। बैठक में एडीएम अशोक कमार जोशी, कलेक्ट्रेट प्रभारी डॉ अमृता शर्मा, सहित खंड शिक्षा अधिकारी व केन्द्र व्यवस्थापक,प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

## 10वीं की बोर्ड परीक्षा 13 मार्च तक चलेंगी

**नैनीताल ।** सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा बुधवार से शुरू हो गई है। नैनीताल नगर के 900 से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। परीक्षाएं आगामी 13 मार्च तक चलेंगी। सीबीएसई के नैनीताल हिल्स कार्डिनेटर व बिरला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने बताया कि पहले दिन सुबह की पाली में हिंदी की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। नगर में बिरला विद्या मंदिर, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर, सेंट जेवियर, सनवाल सीनियर सेकंडरी स्कूल, लौंग व्यू पब्लिक स्कूल, राधा चिल्ड्रन अकेडमी के अलावा पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार, डॉन बास्को पब्लिक स्कूल व नैंसी कान्वेंट आदि स्कूल के विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। नगर के प्राइवेट विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर में बनाया गया है। दूसरी ओर आईसीएसई बोर्ड की 10वीं की वार्षिक परीक्षा भी बुधवार से शुरू हो गई हैं। प्रश्न पत्र आसान आने से विद्यार्थी खुश नजर आए। परीक्षाएं मार्च मध्य तक जारी रहेगी।




## ग्रामीण क्षेत्रों में फलों के पौंधे को उपलब्ध कराए

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यान विभाग की ओर से फलों के पौधे वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों को पौधों की देखभाल करने की भी जानकारी दी जा रही है।

बता दें कि उद्यान विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बागवानी से जोड़ने के लिए फलों के पौंधे कम राशि में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ताकि ग्रामीण खेती के साथ फलों की पैदावार कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकें। इसी क्रम में इन दिनों विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में फलों के पौंधे लोगों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उद्यान विभाग की सहायक विकास अधिकारी सुष्मिता ह्वांकी ने बताया कि नैनीताल के समीपवर्ती 20 गांवों में अखरोट व आड़ू के पौधे काश्तकारों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की जमीन को देखते हुए परिवार को फलों के पौंधे दिए जाएंगे। साथ ही लोगों को पौधों की देखभाल करने की भी जानकारी दी जाएगी।

## तिब्बती समुदाय के लोगों ने बौध मठ में विश्व शांति के लिए विशेष पूजा अर्चना की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

तिब्बती समुदाय के लोगों ने बुधवार को सुख निवास स्थित बौध मठ में विशेष पूजा अर्चना की।

इस दौरान जहां तिब्बती समुदाय के लोगों ने सर्वप्रथम नैनीताल नगर की खुशहाली के साथ ही विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने अपने प्रमुख धर्म गुरु दलाई लामा की लंबी आयु के लिए भी प्रार्थना की। इसके अलावा उन्होंने तिब्बती समाज के युवा पीढ़ी को पूजा के महत्व के बारे में भी बताया। बता दें तिब्बती समुदाय के लोग सप्ताह में पड़ने वाले हर बुधवार को बौध मठ में विशेष पूजा अर्चना करते हैं।

खास बात यह रहती है कि वह इस दिन पूरी तरह से शाकाहारी भोजन का प्रयोग करते हैं।



**NEWS / फटाफट**

## विधायक ने शिवनगर में राज्य योजना से स्वीकृत 500 मीटर इंटरलॉकिंग टाईल्स मार्ग का किया शुभारंभ



**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने विकास कार्यों में तेजी लाते हुए ट्रांजिट कैंप क्षेत्र शिव नगर क्षेत्र के वार्ड 7 से वार्ड नं 9 को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग का राज्य योजना से स्वीकृत 500 मीटर इंटरलॉकिंग टाइल्स रोड का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक का लोगो ने स्वागत अभिनंदन किया। विधायक ने कहा कि शिवनगर घनी आबादी वाला क्षेत्र हैं। इस मार्ग की मांग विगत काफी समय से होती आ रही थी।। उन्होंने विधायक बनने के बाद राज्य योजना से स्वीकृत करवाया। निश्चित रूप से इस मार्ग के बनने के बाद से शिवनगर व आस पास के लोगो को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर विधानसभा में चारों ओर विकास कार्य गतिमान है। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी न रहे इसी के चलते लगातार रुद्रपुर में कार्य हो रहे हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, किरन विर्क, विजय डे, गोविंद शर्मा, मदन दिवाकर, चोखेलाल, आदेश भरद्वाज,राजेन्द्र राठौर आदि मौजूद रहे।

## बहू विषयक शिक्षा और अनुसंधान के रूप में कुमाऊं विवि का चयन पर खुशी जताई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा ने बहू विषयक शिक्षा और अनुसंधान के रूप में कुमाऊं विश्वविद्यालय का चयन होने पर अनुदान के रूप में एक अरब की धनराशि की स्वीकृति होने पर खुशी व्यक्त की है तथा इस उपलब्धि पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर दीवान एस रावत के प्रयासों की सराहना की है ।

शिक्षक संघ ने कहां की उपलब्धि अभूतपूर्व है जिसमें कुलपति की मेहनत एवं प्रयास महत्वपूर्ण जब से प्रोफ़ेसर रावत कुलपति पद पर आए है तब से कुमाउं विश्विद्यालय ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। शिक्षक संघ ने कहा कि कुलपति जी ने शिक्षा एवं शोध पर विशेष ध्यान दिया है।

कुमाऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान , राज्य रक्षा एवं पर्यटन मंत्री एवं सांसद नैनीताल अजय भट् उत्तराखंड प्रदेश ख्यमंत्री पुष्कर सिंह राज्य उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

मुख्यमंत्री शोध प्रोत्साहन योजना के तहत चयनित होने वाले परियोजना निर्देशकों प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा,प्रोफ़ेसर ललित तिवारी ,प्रोफ़ेसर राजीव उपाध्यक्ष प्रोफ़ेसर अनीता पांडे, प्रोफ़ेसर शिरीष मौर्य, डॉ.लज्जा भट्ट,डॉक्टर मनीषा त्रिपाठी, डॉक्टर महेंद्र सिंह राणा ,डॉक्टर कपिल खुल्बे, डॉ.संतोष उपाध्याय को भी बधाई दी तथा शोध प्रोत्साहन योजना के लिए मुख्यमंत्री तथा उच्च शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया।

कूटा ने कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के परिसरों के लिए एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए श्री अजय भट्ट जी सांसद लोक सभा क्षेत्र नैनीताल का आभार व्यक्त किया।

कूटा की तरफ सेअध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी महासचिव डॉ.विजय कुमार उपाध्यक्ष प्रो नीलू लोधियाल डॉक्टर दीपक कुमार ,उपसचिव डॉक्टर संतोष कुमार ,डॉक्टर दीपाक्षी जोशी डॉक्टर दीपिका गोस्वामी ,,प्रो अनिल बिष्ट ,डॉक्टर उमंग सैनी,डॉक्टर पैनी जोशी ,डॉक्टर सीमा चौहान , डॉक्टर दीपिका पंत ,डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ,डॉक्टर युगल जोशी , डॉक्टर रितेश साह ने खुशी व्यक्त की है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।


–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## पालिका प्रशासन और ऊर्जा निगम के बीच चल रही असमंजस की स्थिति फिलहाल टली

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



बकाया देनदारी को लेकर नगर पालिका प्रशासन और ऊर्जा निगम के बीच चल रही असमंजस की स्थिति फिलहाल टल गयी है। बता दें कि ऊर्जा निगम ने पालिका प्रशासन पर 17 ट्रांसमीटरों का कुल 3 करोड़ 90 लाख 61हजार 93 रूपये की देनदारी बतायी थी तो वही पालिका प्रशासन का कहना था कि ऊर्जा निगम की ओर से पालिका को करीब 19 करोड़ का भुगतान करना है,जिसको लेकर ऊर्जा निगम ने बकाया भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काटने की बात कही थी,जिसके बाद पालिका प्रशासन ने ऊर्जा निगम को फिलहाल 10 लाख रुपये का भुगतान कर दिया है। मामले में ऊर्जा निगम के सहायक अभियंता आर.एस. बिष्ट ने कहा कि पालिका ने 3 करोड़ 90 लाख 61हजार 93 रूपये का भुगतान करना था जिसमें से पालिका ने फि लहाल 10 लाख का भुगतान कर दिया है जिसके बाद अब जनहित में विभाग कनेक्शन नहीं कटेगा। दूसरी ओर पालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने कहा कि ऊर्जा निगम की ओर से पालिका को करीब चार करोड़ का बकाया बताया गया है जबकि पालिका का खुद ऊर्जा निगम पर करीब 19 करोड़ का बकाया है। इसको लेकर उन्होंने शासन को भी पत्र भेजा है और ऊर्जा निगम को भी पत्र भेज कर कनेक्शन नहीं काटने का अनुरोध किया है। कहा कि फि लहाल 10 लाख भुगतान ऊर्जा निगम को कर दिया गया है।

# अभिमत

## अच्छी संभावनाएं

*राज्य सरकार ने पिथौरागढ़ मेडिकल कालेज को मेडिकल टूरिज्म के लक्ष्य को लेकर निर्मित करने का निर्णय किया है। इसी तरह राज्य के अन्य मेडिकल कालेजों और अस्पतालों को विकसित किया जाना चाहिए। विदेश की तुलना में भारत में इलाज सस्ता है। इसी लिए मेदांता, अपोलो, फोर्टिस आदि कारपोरेट अस्पतालों में विदेश से लोग इलाज कराने आते हैं, लेकिन कारपोरेट के अस्पताल महानगरों के प्रदूषित वातावरण में हैं। उत्तराखंड के स्वच्छ वातावरण में स्थापित अस्पतालों में लोग इलाज को प्राथमिकता देंगे। मेडिकल टूरिज्म से राज्य सरकार को राजस्व की प्राप्ति के साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और व्यापार भी विकसित होगा।*

उत्तराखंड को पिछड़ा और संसाधन विहीन राज्य कहना सरासर गलत ही नहीं, अपमान भी है। उत्तराखंड को प्रकृति ने नैसर्गिक सौंदर्य के साथ अमूल्य प्राकृतिक सम्पदा भी मुक्तहस्त से दी है। भीड़भाड़ और शोरगुल से निजात पाने के लिए शांत पर्वतीय चोटियों, घाटियों और वन क्षेत्र में प्रदूषण मुक्त वातावरण से आकर्षित होकर सैलानी आते हैं। इसी लिए पर्यटन को सिर्फ मौज-मस्ती तक सीमित कर देने से उत्तराखंड को पिछड़ा कहा जाता है। अलग राज्य का गठन होने के बाद धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की बात कही गई थी, लेकिन चारधाम के अलावा देवभूमि के अन्य धर्मस्थलों को विकसित करने का प्रयास नहीं किया गया। राज्य में मेडिकल टूरिज्म की अच्छी संभावनाएं हैं। हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड में आने वाले पर्यटक भी यह स्वीकार करते हैं कि प्रदूषण रहित वातावरण में उन्हें शुद्ध प्राणवायु मिलने से स्वास्थ्य लाभ मिलता है। योग और प्राकृतिक चिकित्सा के लिए अनेक लोग देश के विभिन्न हिस्सों के साथ विदेश से भी उत्तराखंड आते हैं। योग गुरु बाबा रामदेव के हरिद्वार स्थित पतंजलि पीठ में योग से हजारों असाध्य रोगियों को स्वस्थ किया जाता है। ब्रिटिश शासनकाल में धनाढ्य परिवार स्वास्थ्य लाभ के लिए पर्वतीय और वन क्षेत्र के अनुकूल मौसम में रहने के लिए आते थे। वन क्षेत्र में जड़ी-बूटियों व विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों के सम्पर्क से गुजरने वाली वायु से अनेक रोग स्वतः खत्म हो जाते थे। उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद मेडिकल कालेज और कारपोरेट समूह के बड़े अस्पताल स्थापित हुए हैं। राज्य सरकार ने पिथौरागढ़ मेडिकल कालेज को मेडिकल टूरिज्म के लक्ष्य को लेकर निर्मित करने का निर्णय किया है। इसी तरह राज्य के अन्य मेडिकल कालेजों और अस्पतालों को विकसित किया जाना चाहिए। विदेश की तुलना में भारत में इलाज सस्ता है। इसी लिए मेदांता, अपोलो, फोर्टिस आदि कारपोरेट अस्पतालों में विदेश से लोग इलाज कराने आते हैं, लेकिन कारपोरेट के अस्पताल महानगरों के प्रदूषित वातावरण में हैं। उत्तराखंड के स्वच्छ वातावरण में स्थापित अस्पतालों में लोग इलाज को प्राथमिकता देंगे। मेडिकल टूरिज्म से राज्य सरकार को राजस्व की प्राप्ति के साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और व्यापार भी विकसित होगा। अस्पताल में इलाज के बाद हरेभरे वातावरण में स्वास्थ्य लाभ के लिए लोग रहना चाहेंगे तो होम स्टे का व्यवसाय भी विकसित होगा। अलग-अलग तरह का कारोबार बढ़ने से पर्वतीय क्षेत्र से पलायन की समस्या का समाधान होगा। उत्तराखंड की छवि बदलेगी और पिछड़ा पर्वतीय राज्य की जगह मेडिकल हब तथा प्राकृतिक वातावरण से संपन्न राज्य का गौरव प्राप्त होगा।

# केलाखेड़ा पुलिस ने फायरिंग प्रकरण में 4 दबोचे

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना केलाखेड़ा पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से अवैध असलहे बरामद किए।

पुलिस के मुताबिक 20 फरवरी 24 को महोली गांव में दो पक्षो के बीच फायरिंग की सूचना मिली थी। सुखबीर सिंह उर्फ गोरखा व दूसरे पक्ष से गिन्दर व रजत भंडारी पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पूर्व में एक साथ रहते थे और छात्र संघ चुनाव में एक साथ किसी प्रत्याशी को चुनाव लड़ाते थे,बाजपुर छात्रसंघ चुनाव में रजत भंडारी एव असके साथियों द्वारा सुखवीर सिंह उर्फ गोरखा से अलग होकर अपने अलग प्रत्याशी प्रशान्त भट्ट को खड़ा किया। जिसमें प्रशान्त भट्ट विजय हुआ। तभी से दोनो पक्ष एक दूसरे से रंजीश रखने लगे। इसी के चलते गोरखा पक्ष का लवप्रीत अपने ट्रेक्टर ट्राली लेकर महोली गांव को जा रहा था तो महोली गांव के रास्ते में रजत भंडारी, गिन्दर व उसके अन्य साथियो ने लवप्रीत का टैक्टर ट्राली रोककर घेर लिया और



लवप्रीत ने अपने साथी सुखवीर सिंह उर्फ गोरखा आदि अन्य को मौके पर बुला लिया। दोनो पक्षों ने एक दूसरे के ऊपर फायरिंग की गयी। दोनो पक्षो के लोगो को गोली लगी। पुलिस ने रजत भंडारी व गिन्दर पक्ष की तरफ से गोरखा व अन्य के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि फायरिंग करने वालों की गिरफ्तारी को दबिश दी गयी। बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि गोलीकांड के आरोपी थाना आईटीआई क्षेत्र श्यामपुर पुलिया के पास से खड़े हैं। सूचना पर पुलिस ने सुखवीर उर्फ गोरखा, जितेन्द्र गिल,लवप्रीत, अमित मेहरा को से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि सुखवीर उर्फ गोरखा के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, जितेन्द्र गिल के कब्जे एक मेड पिस्टल 32 नाजायज बरामद की। उन्होंने बताया कि चारों थाना बाजपुर के निवासी हैं। पुलिस ने

**कार्रवाई**
- फायरिंग में प्रयुक्त अवैध असलहे भी बरामद
- 20 फरवरी को थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई थी फायरिंग

कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि गोलीकांड में शामिल अन्य की भी जांच की जा रही है।

## एलटी लाइनों की गार्डिंग और लाइनों में सेपरेटर लगाने के से बिजली बाधित

**नैनीताल ।** एलटी लाइनों की गार्डिंग और लाइनों में सेपरेटर लगाने के कारण नैनीताल शहर में 10 दिनों तक 6 घंटे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेंगी। गुरुवार (आज) से मॉल रोड, रिक्शा स्टैंड इत्यादि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेंगी जबकि अंत में 10 मार्च तक अयारपाटा क्षेत्र में लाइनों का काम पूरा कर दिया जाएगा। ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रियंक पांडे का कहना है कि लाइनों के सुदृढ़ीकरण के काम के कारण कुछ घंटो तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। बताया कि बिलों का भुगतान नहीं करने वाले लोगों के अब तक 233 कनेक्शन काटे जा चुके हैं। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से बिजली का बिल भुगतान करने की अपील की है कि बिजली का बिल जमा करने के लिए अवकाश वाले दिनों भी बिजली बिल जमा करने के काउंटरों को खोला गया है।

# काशीपुर में विजिलेंस ने पटवारी और उसके साथी को रिश्वत लेते पकड़ा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**


जनपद में सरकार से मोटी तनख्वाह लेने के बाद भी सरकारी कर्मचारियों का भष्टचार कम नहीं हो रहा है। विजिलेंस की लगातार धड़पकड़ के बाद भी रिश्वतखोरों सुधर भी नहीं रहे हैं। बुधवार दोपहर को विजिलेंस ने काशीपुर में आय प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रिश्वत की मांग कर रहे पटवारी को सात हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। पटवारी के साथ उसके साथ काम करने वाला भी गिरफ्तार। निदेशक सतर्कता डॉ.वी.मुरुमेसन के मुताबिक शिकायतकर्ता ने सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई कि जनपद ऊधम सिंह नगर की तहसील काशीपुर में नियुक्त राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी) धर्मेन्द्र कुमार द्वारा आय प्रमाण पत्र बनाने की एवज में 7 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत कर्ता ने कार्रवाई की



मांग की। इस पर विजिलेंस की हल्द्वानी सेक्टर जाँच में शिकायत प्रथम दृष्ट्या सही पाई गई। बाद में कार्रवाई के लिए तत्काल ट्रैप टीम का गठन किया और नियमानुसार कार्रवाई के लिए टीम ने काशीपुर पहुंच धर्मेन्द्र कुमार राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी) एवं साथ में भ्रष्टाचार में लिप्त प्राईवेट व्यक्ति बनाउद्दीन को शिकायतकर्ता से 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते लेते हुये तहसील काशीपुर कार्यालय से रंगे हाथों गिरफ्तार किया। टीम की ओर से उक्त प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जायेगा। निदेशक सतर्कता डॉ. वी.मुरुमेसन ने ट्रैप टीम को नगद पुरुष्कार से पुरुस्कृत करने की घोषणा की गयी। उन्होंने बताया कि रिश्वत मांगने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सतर्कता अधिष्ठान के टोल फी हैल्पलाईन नं.1064 पर शिकायत दर्ज कराएं। बता दें कि विजिलेंस द्वारा रिश्वतखोरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है, के बावजूद रिश्वतखोर अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

# फिल्मी दुनिया

## लाखों में सिमटी फाइटर की कमाई, इस हफ्ते इन्होंने किया इतना कारोबार



*सिनेमाघरों में हमेशा कोई न कोई फिल्म लगी रहती हैं। इन दिनों सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया, ऋतिक रोशन और दीपिका पादिकोण स्टारर फाइटर और रजनीकांत की फिल्म लाल सलाम दर्शकों का मनोरंजन करा रही है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और फाइटर कुछ ही समय पहले रिलीज हुई है। वहीं फाइटर जनवरी से दर्शकों का मनोरंजन करा रही है। इन सभी फिल्मों के प्रदर्शन का हाल इनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से पता चलता है। शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। फिल्म अपने दूसरे हफ्ते में प्रवेश कर चुकी है। दर्शकों को फिल्म में शाहिद-कृति की जोड़ी खूब पसंद आ रही है। इस फिल्म में पहली बार दोनों सितारे साथ में पर्दे पर रोमांस करते हुए नजर आए हैं। फिल्म में एक वैज्ञानिक और रोबोट की प्रेम कहानी दिखाई गई है। फिल्म में रोबोट की भूमिका कृति सेनन ने निभाई है। 50 करोड़ की लागत से बनी यह फिल्म पहले हफ्ते ठीक ठाक बिजनेस करने में सफल रही है। हालांकि, बाद में फिल्म की कमाई में गिरावट भी दर्ज की गई है।*

### दुनिया भर में रिलीज हुई

*फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' 9 फरवरी को दुनिया भर में रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म की कमाई 60 करोड़ के पार पहुंच चुकी है। फिल्म की कमाई धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। शाहिद कपूर-कृति सेनन की फिल्म ने 13वें दिन 1.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। आगामी हफ्तों में बॉक्स ऑफिस पर कई बड़ी फिल्में भी दस्तक देने वाली है। ऐसे में इसकी कमाई पर काफी असर पड़ सकता है। ऋतिक रोशन और दीपिका पादिकोण की फिल्म फाइटर दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। इस फिल्म में पहली बार बड़े पर्दे पर ऋतिक रोशन और दीपिका पादिकोण रोमांस करते हुए नजर आए हैं। दोनों का पहली बार साथ में पर्दे पर आना फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है।*

# रामगढ़ में आंगनबाड़ी केन्द्रों को आरो वाटर फिल्टर बांटे

**धारी**

**हमारे संवाददाता**

बुधवार को रामगढ़ क्षेत्र ग्राम सभा दाडिमा के आंगनबाड़ी केंद्र में टेरी सूपी मुक्तेश्वर के द्वारा फॉलो फॉलो प्रोजेक्ट के तहत रामगढ़ ब्लॉक के छह आंगनबाड़ी केन्द्रों को स्वच्छ पेयजल हेतु आरो वाटर फिल्टर प्रदान किया गया। फॉलो प्रोजेक्ट के अंतर्गत बच्चों के पोषण हेतु मोटे अनाज से बने बिस्किट जो प्रशिक्षित महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से तैयार कर आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को उपलब्ध कराया जा रहा है और इसके माध्यम से बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य और पोषण को लेकर डॉक्टरी सलाह दी जाती है।

इस मौके पर कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर रामगढ़ से सीडीपीओ पार्वती कोरंगा, कुसुम लता बोहरा, टेरी संस्थान से प्रवीण शर्मा बची सिंह जितेन्द्र सिंह एवं आंगनबाड़ी शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## हल्द्वानी में बिरयानी की दुकानें मंगलवार को बंद करो

**हल्द्वानी।** हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोगों ने शहर में बिरयानी की दुकानों में हलाल प्रमाणिकता का बोर्ड लगाने व मंगलवार को दुकानें बंद करने तथा इनके संचालक व कर्मचारियों का सत्यापन कराने की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को एसडीएम कोर्ट परिसर पहुंचे लोगों ने ज्ञापन सौंपकर कहा कि शहर में दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जैसे बाहरी शहरों से लोग यहां आ रहे हैं और बिरयानी की दुकानें चला रहे हैं। इस बीच तहसीलदार ने मौके पर आकर ज्ञापन लिया। ज्ञापन सौंपने वालों में जोगेंद्र राणा, गोविंद सिंह, मनीष जोशी, ललित पलड़िया, अंकित पार, पंकज, हेम चन्द्र जोशी, मुकेश कुमार आर्य, रोहित प्रजापति, दीपक वर्मा, सुरेश सिंह, विनय जोशी आदि शामिल थे।

## द्वारसों क्रिकेट क्लब बना चैंपियन

अल्मोड़ा। द्वारसों के खेल मैदान में आयोजित जय गोलू क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच द्वारसों क्रिकेट क्लब की टीम ने जीता। जय मां स्याही देवी की टीम उप विजेता रही। फाइनल मुकाबले में द्वारसों क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 173 रन बनाए। जवाब में जय मां स्याही देवी की पूरी टीम 12 ओवर में 92 रन बनाकर आउट हो गई। सुमित नेगी मैन आफ द मैच और सोनू राणा मैन ऑफ द सीरीज रहे। मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य भगवत बिष्ट और आयोजक समिति ने विजेता टीम को 15 हजार रुपये नकद व ट्राफी, उप विजेता टीम को 7500 हजार रुपये ट्राफी प्रदान की गई। यहां हरीश बिष्ट, किशन राणा, मोंटी राणा, दीपक राणा, सुंदर सिंह, कुंवर सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रीमियर लीग फाइनल क्रिकेट मैच में पावर हीटर का दबदबा

हल्द्वानी/रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

प्रीमियर लीग फाइनल मैच खेला गया कॉमेडी के अध्यक्ष अमित कुमार द्वारा सभी खिलाड़ियों दर्शन और मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। परिचय सत्र से मैच अमित कुमार प्रीमियर लीग के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि पावर हीटर बेलुवाखान व बद्री केदार के बीच खेला गया जिसमें बद्री केदार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 100 रनों का लक्ष्य पावर हीटर को दिया गया जवाब में पावर हीटर ने एक ओवर सेट रहते हुए लक्ष्य को हासिल कर लिया गया। बल्लेबाज अंसू की बदौलत पावर हीटर ने यह मैच जीत पाई। मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज भी अंसू के नाम रहा



क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि नरेश पांडे अध्यक्ष व्यापार मंडल भवाली रहे उन्होंने आयोजक मंडल सफल आयोजन के लिए बधाई दी नरेश पांडे द्वारा बोला गया कि युवाओं को खेल में आगे आना चाहिए इस से हमारे पहाड़ के युवा पीढ़ी मानसिक और शारीरिक रूप स्वास्थ्य रहे मुख्य अतिथि श्री नरेश पांडे जी आयोजको को आर्थिक सहयोग भी दिया गया जीती हुई टीम के कप्तान शरद द्वारा बताया गया कि इस जीत का श्रेय पूरी टीम को दिया जाता है हमारी टीम ने टूर्नामेंट के पहले मैच से ही काफी मेहनत की गई इसका नतीजा आज हम क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल जीत रहे हैं मैं आशा करता हूं कि हमारे टीम के लड़के आगे भी ऐसा खेल और साथी उन्होंने कहा कि दूसरी टीम ने भी मेहनत करी लेकिन यहां खेल है एक हार एक जीत का यह सिलसिला लगा रहता है शरद की कप्तानी में बेलुवाखान टीम पहले भी कई टूर्नामेंट में हिस्सा ले चुकी है मैच में निर्णायक दीपक चनियाल वह हरीश रहे।

दर्शकों द्वारा दोनों ही अंपायर की काफी तारीफ की गई अमित द्वारा बताया गया कि जीती हुई टीम को 21000 नगद वह ट्रॉफी और दूसरी टीम को 11000 नगद वह ट्रॉफी से सम्मानित किया गया आयोजक मंडल में आशीष कुमार अमित कुमार तरुण सुधांशु धीरज अभिषेक अभय आशु रघुवीर अर्पित लक्षित पीयूष अरुण रीतेश मनीष सुमित आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने किया टुकटुक लूटकांड का खुलासा, दो लुटेरे गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने टुकटुक चालक से मारपीट कर तमंचे की नोक पर टुकटुक लूटने की घटना का खुलासा करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने टुकटुक भी बरामद कर लिया। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही।

पुलिस के मुताबिक रम्पुरा निवासी लक्ष्मण पुत्र राजकुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह टुकटुक चलाता है। वह 18 फरवरी रात को काशीपुर बाई पास रोड पर टुकटुक लेकर खड़ा था। दो लोग उसके आए और एक शादी में जाने की बात कही। बताया कि दोनों ने बिंदुखेडा मोड़ पर पहुंच उससे मारपीट की और तमंचे की नोक पर टुकटुक लूट लिया। धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर



**कार्रवाई**

- बिंदुखेडा मोड़ पर पहुंच मारपीट कर लूट लिया था टुकटुक

जांच शुरू कर दी। एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि विवेचना एसआई दीपक जोशी कर रहे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सीसीटीवी फुटेज की मदद से दोनों को हिरासत में लिया। पुलिस ने पूछताछ की तो दोनों ने टुकटुक लूटने की घटना कबूल की। एसएसआई ने बताया कि पूछताछ में अपना नाम दिव्यांशु पुत्र राजेश कुमार निवासी सांई विहार फेस 5 मनिहार खेड़ा तथा प्रमोद पुत्र संजय निवासी दानपुर बताया। उन्होंने बताया कि टुकटुक भी बरामद कर लिया है और दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

# हमारा उद्देश्य गारंटीड लाईफटाईम मंथली इंकम के समाधान उपलब्ध कराना है: कपाही

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारत के सबसे भरोसेमंद प्राइवेट लाईफ इंश्योरेन्स ब्राण्ड अवीवा लाईफ इंश्योरेन्स ने अवीवा सिगनेचर मंथली इंकम प्लान के लॉन्च की घोषणा की है। एक एंडॉओमेन्ट प्लान जो व्यक्तियों और परिवारों को गारंटीड लाईफटाईम मंथली इंकम और फॉर दा लॉन्ग रन के लिए फाइनैंशियल सुरक्षा प्रदान करेगा।

इस नए प्लॉन में दो ऑफर्स हैं, जो उपभोक्ताओं को चुनी गई पेआउट अवधि के दौरान गारंटीड मंथली इंकम के साथ आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगा। उपभोक्ताओं को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना और उनके नियमित खर्च को कवर करना तथा अनिश्चितता के समय में उन्हें आर्थिक सुरक्षा का आश्वासन देना इस प्लान का मुख्य उद्देश्य है। 25-48 वर्ष के लोग, जो अपने रिटायरमेन्ट के लिए प्लान करना चाहते हैं, उन्हें यह प्लान 35 साल के पॉलिसी टर्म और 45 साल तक की अवधि के साथ लाईफटाईम मंथली इंकम की गारंटी देता है। 49-60 वर्ष के लोगों के लिए 20 साल तक के पॉलिसी टर्म और 30 साल तक की पेआउट अवधि के लिए लाईफटाईम मंथली इंकम के साथ चिंतामुक्त रिटायरमेन्ट की गारंटी देता है।

विनीत कपाही, सीनियर वाईस प्रेज़ीडेन्ट और हैड ऑफ मार्केटिंग ने कहा, "अवीवा सिगनेचर मंथली इंकम प्लान वित्तीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में हमारी एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। हमारा उद्देश्य गारंटीड लाईफटाईम मंथली इंकम के समाधान उपलब्ध कराना है, जो दीर्घकालिक बचत के साथ उपभोक्ताओं की आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करें। प्रत्यास्थ विकल्पों, गांरटीड फायदों और बेहतर सुरक्षा के साथ यह प्लान उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।'

# 'बनभूलपुरा में हुई घटना को लेकर भीम आर्मी को बदनाम करने की साजिश की गई'




हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भीम आर्मी के पदाधिकारियों की एक सभा की गई। सभा का मुख्य कारण चंद्रशेखर आजाद द्वारा भीम आर्मी से निष्कासित मंजीत नौटियाल ग्रुप द्वारा 8 फरवरी को हल्द्वानी बनभूलपुरा में हुई घटना को लेकर भीम आर्मी को बदनाम करने की साजिश की गई।

मंजीत नौटियाल द्वारा भीम आर्मी का नाम लेकर जो समाचार पत्रों में और सोशल मीडिया में बयान दिए गए उससे चंद्रशेखर की असली भीम आर्मी के चाहने वालों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। क्योंकि भीम आर्मी जिला नैनीताल कार्यकारिणी के किसी भी पदाधिकारी द्वारा बनभूलपुरा की घटना पर कोई बयान नहीं दिया गया है बल्कि चंद्रशेखर आजाद तथा प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह से लगातार वार्ता हो रही है उनके हल्द्वानी आने पर ही उनके आदेशों के अनुसार कार्य किया जाएगा।

मंजीत नौटियाल के बयानों को लेकर लगातार भीम आर्मी के कार्यकर्तों के फोन आने लगे। सभा में विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि भीम आर्मी को बदनाम करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के लिए चंद्रशेखर आजाद जी और प्रदेश अध्यक्ष जी से वार्ता करें। अध्यक्ष जी के आदेशानुसार ही निर्णय लिया जाए। सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष सिराज अहमद, जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान, नगर अध्यक्ष विकास कुमार, सरोजनी देवी, प्रेमा आर्य, मनीष गौतम, आर्येंद्र आदि उपस्थित थे।

## व्यापार मंडल चुनाव को 25 नामांकन पत्र बिके

**अल्मोड़ा।** प्रांतीय उद्योग प्रतिनिधि मंडल की नगर इकाई के चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन पत्रों की खरीद के लिए दावेदारों ने उत्साह दिखाया है। व्यापार मंडल के छह पदों के लिए 25 दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदे। बुधवार को नगर व्यापार भवन में प्रांतीय उद्योग प्रतिनिधि मंडल चुनाव के नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी दीप सिंह डांगी ने बताया कि छह पदों के लिए 25 नामांकन पत्र बिके।

# होटल में ठहरे पर्यटक कमरे में लगी एलईडी लेकर फरार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के तल्लीताल स्थित एक होटल में ठहरे पर्यटक कमरे में लगी एलईडी टीवी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने एलईडी समेत पर्यटकों को पकड़कर कार्रवाई की। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की शाम को कुमाऊं मंडल के ऊधमसिंह नगर के किच्छा से दो युवक घूमने के लिए नैनीताल आए थे। नैनीताल घूमकर युवक तल्लीताल क्षेत्र के एक होटल में ठहर गए। मंगलवार की सुबह सवेरे युवक होटल से बिन बताए चले गए। होटल कर्मियों ने कमरे में देखा तो वहां दीवार पर लगा एलईडी टीवी गायब था। होटल कर्मियों ने युवकों की खोजबीन के साथ पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद पुलिस भी खोजबीन में जुट गई। सीसीटीवी में युवक रोडवेज की ओर जाता दिखाई दिया जिसे देख होटल कर्मी व पुलिस रोडवेज के आसपास युवकों की खोजबीन करने लगे। इस दौरान होटल कर्मियों को एक युवक टैक्सी स्टैंड के समीप चाय पीता नजर आया। इस दौरान पुलिस ने युवक को धर दबोच लिया। युवक ने एलईडी टैक्सी में रखा हुआ था। पुलिस ने एलईडी होटल कर्मियों को सौंप दी। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि होटल कर्मियों की ओर से कार्रवाई न चाहने की मांग पर पुलिस ने दोनों युवकों तारा चंद्र व नवीन ठकुराल के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर छोड़ दिया है।

# चुनाव को लेकर बीएल संतोष ले रहे पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बैठक में गांव चलो अभियान, दीवार लेखन अभियान, महिला सहायता समूह एवं गैर सरकारी संस्था संपर्क अभियान, पार्टी ज्वाइनिंगअभियान एवं लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर चर्चा हो रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष आज पांच प्रमुख अभियानों को लेकर प्रदेश पार्टी कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों की और मोर्चों के अध्यक्षों की बैठक ले रहे हैं। यह बैठक पूरी तरह से लोकसभा चुनाव में पार्टी और मोर्चों की भूमिका पर केंद्रित है। केंद्रीय नेतृत्व की ओर से दिए गए कार्यक्रमों की कसौटी पर बीएल संतोष संगठन की तैयारियों को परखेंगे। वह यह जानकारी भी लेंगे कि अगले 100 दिनों में पार्टी की मजबूती के लिए नेतृत्व के पास क्या कार्ययोजना है। बैठक में प्रदेश प्रभारी उत्तराखंड दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य राम कोठारी भी उपस्थित हैं। इसके अतिरिक्त बैठक में गांव चलो अभियान, दीवार लेखन अभियान, महिला सहायता समूह एवं गैर सरकारी संस्था संपर्क अभियान, पार्टी ज्वाइनिंग अभियान एवं लाभार्थी संपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक एवं सह संयोजक भी शामिल हैं ।

